ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 31 दिसम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 297


# ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड में 2025 का स्वागत, आतिशबाजी देखने 10 लाख लोग पहुंच




24 न्यूज अपडेट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के बाद अब ऑस्ट्रेलिया में भी नए साल की एंट्री हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में पारंपरिक आतिशबाजी देखने के लिए करीब 10 लाख लोग पहुंचे। वहीं, मेलबर्न में नए साल पर यारा नदी के किनारे जमकर आतिशबाजी हुई। न्यूजीलैंड का ऑकलैंड पहला प्रमुख शहर बना, जहां साल 2025 ने दस्तक दी। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न मनाया जाता है। यहां देश के सबसे लंबे स्काई टावर पर हजारों लोगों ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। न्यूजीलैंड में भारत से साढ़े 7 घंटे पहले, जबकि अमेरिका में साढ़े 9 घंटे बाद नया साल आता है। इस तरह पूरी दुनिया में नया साल आने की जर्नी 19 घंटों तक जारी रहती है।

दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 41 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत करते हैं। इनमें किरिबाती, समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देश हैं।

दुनिया के साथ नया साल क्यों नहीं मनाता चीन?
चीन दुनिया के उन देशों में से एक है, जहां 1 जनवरी को नए साल का जश्न नहीं मनाया जाता। दरअसल, चीन उन देशों में से है जो सोलर कैलेंडर के बदले लूनीसोलर कैलेंडर के हिसाब से चलता है। लूनीसोलर कैलैंडर में 12 महीने होते हैं और हर महीने में चांद द्वारा पृथ्वी का एक चक्कर होने पर महीना पूरा माना जाता है। चांद, पृथ्वी का एक चक्कर 29 दिन और कुछ घंटों में पूरा करता है। चीन में 12वें महीने के 30वें दिन नए साल का जश्न मनाया जाता है। इसे चीन में दानियन संशी कहा जाता है। इस साल चीन में 29 जनवरी को नया साल मनाया जाएगा। इस दौरान लोग एक-दूसरे को लाल रंग के कार्ड देते हैं। इतना ही नहीं, इस दौरान पूर्वजों की पूजा और परिवार के साथ डिनर, ड्रैगन और लॉयन डांस का आयोजन भी किया जाता है। इस फेस्टिवल को चीन ही नहीं, वियतनाम, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया और मंगोलिया जैसे बड़े देश भी अलग-अलग परंपराओं के साथ सेलिब्रेट करते हैं।




# नए साल में खुशखबरीः कांन्स्टेबल भर्ती 2023 के सफल अभ्यर्थियों को मिलेगी नियुक्ति




24 न्यूज अपडेट

जयपुरः कांस्टेबल भर्ती 2023 को लेकर राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला एसपी और डीसीपी को 3 दिन में अग्रिम तैयारी के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं. नवनियुक्त कांस्टेबल के प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए सभी प्रशिक्षण संस्थानों को तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं. कहा गया है कि रोजगार उत्सव से पहले सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सभी औपचारिकताएं पूरी करें. एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय के मुताबिक उच्च न्यायालय जयपुर की ओर से राज्य सरकार के विरुद्ध दर्ज कांस्टेबल भर्ती 2023 से संबंधित सभी रिट याचिकाओं को खारिज कर देने के बाद पुलिस मुख्यालय ने कांस्टेबल भर्ती 2023 में सफल रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए सभी जिलों के एसपी समेत जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट के डीसीपी को आगामी रोजगार उत्सव से पहले समस्त औपचारिकताएं आगामी तीन दिनों के अंदर पूरी करने के दिशा निर्देश दिए हैं. पुलिस मुख्यालय में सभी प्रशिक्षण संस्थानों को भी प्रशिक्षण संबंधित तैयारियां रखने को कहा है. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 39/2023 विकास बाजिया व अन्य बनाम राज्य सरकार और अन्य में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर की ओर से 1 फरवरी, 2024 के आदेश द्वारा कांन्स्टेबल भर्ती-2023 के लिए विज्ञापित 3578 पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश अग्रिम आदेश तक जारी नहीं करने के निर्देश प्रदान किये गए थे. मामले में हाईकोर्ट जयपुर की ओर से 12 दिसंबर, 2024 को निर्णय देते हुए एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 20250/2023 द्वारा सौरभ कुमार और अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य 118 याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिससे इस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है. नियमानुसार औपचारिकताएं पूर्ण करने वाले चयनित अभ्यर्थियों (रिव्यू में चयनित अभ्यर्थियों सहित) को 11, जनवरी, 2025 की शाम आवश्यक दस्तावेज, साजो-सामान के साथ संबंधित पुलिस लाइन में एकत्रित करने के लिए सभी जिलों के एसपी और डीसीपी को पुलिस मुख्यालय से सोमवार को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. जो सफल अभ्यर्थियों को इस सम्बंध में सूचित कर 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव में सम्मिलित कर नियुक्ति आदेश प्रदान करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे. जिला कलेक्टर कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के लिए जिला एसपी और डीसीपी किसी आरपीएस स्तर के अधिकारी को निर्देशित करेंगे, जो नियत समय पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश का वितरण करवाये जाने और आयोजन उपरान्त पुलिस लाइन में अभ्यर्थियों की आमद करवाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे.

# रद्द हुए 9 जिलों में नहीं बनेंगे रीट के सेंटर्स, अभ्यर्थियों को दिया जाएगा जिला संशोधन का मौका



24 न्यूज अपडेट

अजमेर। नए जिले रद्द करने के फैसले के बाद रीट-2024 के आयोजन को लेकर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भी अलर्ट मोड पर आ गया है। जिन 9 जिलों को राज्य सरकार ने रद्द किया है, उन जिलों से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को गृह जिला संशोधन का मौका दिया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार प्रदेश के सभी 41 जिलों में सेंटर बनाए जाएंगे। रद्द हुए 9 जिलों में सेंटर नहीं बनाया जाएगा। पुरुष अभ्यर्थियों को भी होम डिस्ट्रिक्ट में सेंटर देने का प्रयास माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव और समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया- इस बार महिला अभ्यर्थियों का सेंटर उनके गृह जिले (होम डिस्ट्रिक्ट) में ही दिया जाएगा। बोर्ड की कोशिश रहेगी कि पुरुष अभ्यर्थियों को भी गृह जिला ही मिले। अगर ऐसा नहीं भी हुआ तो पास ही का जिला आवंटन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को गृह जिले से संबंधित आशंका है, उन्हें करेक्शन का अवसर भी दिया जाएगा।

## 5 जनवरी तक मांगी है सेंटर की लिस्ट

समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया- सभी कलेक्टर व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से परीक्षा सेंटरों की सूची 5 जनवरी तक मांगी है। सरकार ने राज्य में जिले 41 ही रखे हैं तो परीक्षा भी उसी अनुसार 41 जिलों में ही करवाई जाएगी। अब तक लेवल वन में 66,662, लेवल 2 में 1,60,395 और दोनों ग्रुप में 19,620 ने आवेदन आएं हैं। इस प्रकार यह संख्या करीब 2.5 लाख के करीब है। सेंटरों की संख्या रीट में आने वाले आवेदन की संख्या के आधार पर होगी।

## केवल जिला मुख्यालयों पर ही होगी रीट परीक्षा

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट का आयोजन जिला मुख्यालयों पर ही कराया जाता रहा है। साल 2022 में भी 33 जिलों में सेंटर बनाए गए थे। अब इस बार सरकार ने 50 की जगह जिलों को घटाकर 41 कर दिया है। ऐसे में परीक्षा का आयोजन 41 जिलों में ही होगा। दोनों लेवल के लिए अलग-अलग पारी में एग्जाम होगा। पहली पारी में एग्जाम सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। दूसरी पारी में एग्जाम दोपहर ढाई से शाम पांच बजे तक होगा।

CRIME NEWS 24

# बावरिया गैंग का एक बदमाश गिरफ्तार, मुकदमा होने पर हर बार आधार कार्ड में बदल लेते नाम और पता



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश की बावरिया गैंग का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने यूपी के सामली जिले के बावरिया गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है. क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आया आरोपी और उसके साथ देश के अलग-अलग राज्यों में मोटरसाइकिलों पर सवार होकर नकबजनी और चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देते हैं. आरोपियों ने थाना क्षेत्र में 72 घंटे पहले एक वारदात की थी. उसका खुलासा पुलिस ने सोमवार को किया.

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि गत 27 दिसंबर को अलकनंदा कॉलोनी में रहने वाली जय मूलचंदानी अपने स्कूटी से अपने बच्चों के साथ घर लौट रही थी. इस दौरान बाइक पर सवार दो युवकों ने रास्ता रोककर जय के गले से चेन तोड़ने की कोशिश की. इस दौरान पीड़िता आरोपियों से भिड़ गई, लेकिन स्कूटी से बच्चों के गिर जाने के बाद उसका ध्यान चूक गया और आरोपी पीड़िता के गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गए. उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. फुटेज में दो युवक बाइक पर महिला की स्कूटी से आगे आते हुए नजर आए. इसमें आरोपी रीजनल चौराहा से होते हुए पर्वतपुर बाईपास से जयपुर की तरफ भाग निकले. पुलिस ने आरोपियों का लगातार पीछा किया. आरोपी जयपुर के सिंधी कैंप पहुंचे और यहां आरोपी पानीपत जाने वाली स्लीपर बस में बैठ गए. जबकि बाइक को यहीं खड़ी कर दिया. आरोपी बस से पानीपत के इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे. जहां पुलिस ने आरोपियों की संभावित ठिकानों पर भी तलाशी की. चारण ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक नंबर और आरोपियों के हुलिए के बारे में पता चला. वारदात को अंजाम देने वाले दो में से एक आरोपी जोगिंदर उर्फ बब्बू बावरिया को पुलिस की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया और उसके निशानदेही पर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली. दूसरे आरोपी रवि बावरिया की तलाश जारी है. आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है.

इधर मामला दर्ज, उधर बदल लेते आधार कार्डः थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सामली जिले में बावरिया जाति के 12 गांव हैं, जो आसपास में ही स्थित हैं. इन गांवों में वारदात करने वाली ऐसी कई गैंग हैं, जो अलग-अलग बाइकों पर अलग-अलग राज्यों में वारदात को अंजाम देती है. वारदात से पहले गैंग के सदस्य रेकी करते हैं और मौका पाकर महिलाओं के गहने और चेन तोड़कर बाइक से फरार हो जाते हैं. ये लोग इतने शातिर हैं कि हर बार मुकदमा दर्ज होने के बाद अपने आधार कार्ड में एडिटिंग कर नाम-पता बदलवा लेते हैं. इस कारण इन शातिर आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं बन पाता है.

फगल काटना (कोड वर्ड) की भी करते है वारदातः चारण ने बताया कि बावरिया गैंग के अपराधी लूट के अलावा (फगल काटना) की वारदात को भी अंजाम देते हैं. उन्होंने बताया कि बावरिया गैंग के कुछ सदस्य बाजारों में दुकान, शोरूम पर जाते हैं. वहां दुकानदार को 500 का नोट देते हैं और 200 रुपए का सामान खरीदते हैं. इस दौरान एक बार समान हाथ में लेकर पसंद नहीं आने की कहकर सामान वापस दे देते हैं और रुपए वापस लेकर जेब में डाल लेते हैं. इस प्रकार यह दो-तीन बार सामान लेने और देने की प्रक्रिया करते हैं. दुकानदार को बातों में उलझाकर उन्हीं 500 रुपए में से समान और बाकी बचे 300 रुपए ले लेते हैं. उनकी ओर से दिए गए 500 रुपए शुरू में ही दुकानदार से लेकर अपनी जेब में रख लेते हैं. उन्होंने बताया कि इसी तरह से आरोपियों ने एमपीएस स्कूल के पास एक टायर शोरूम में फगल काटने की वारदात करने की कोशिश की थी, लेकिन दुकानदार की सजकता के कारण वारदात सफल नहीं हो पाई.


## संपादकीय : बदलाव का संकेत

आव्रजन नीति को लेकर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रख बदल गया दिखता है। निश्चित तौर पर भारत से वहां गए लोगों के लिए यह राहत की बात है। हालांकि इस मसले पर ट्रंप के समर्थकों का एक समूह उनका विरोध कर रहा है। दरअसल, ट्रंप ने एच1बी वीजा को बरकरार रखने पर सहमति दे दी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया था। इस बार भी चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अमेरिका प्रथम की नीति पर आगे बढ़ने और आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने का मुद्दा उठाया था। मगर भावी ट्रंप प्रशासन में शामिल किए गए उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के तकनीकीविद विवेक रामास्वामी ने इस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध कर दिया। खबरों के मुताबिक, मस्क ने तो यह भी कह दिया कि वे एच1बी वीजा को बचाए रखने के लिए युद्ध तक करने को तैयार है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मस्क खुल कर ट्रंप के समर्थन में रहे। उनका कहना है कि एच1बी खत्म होने से कंपनियों के लिए बाहर से कुशल तकनीशियनों और विशेषज्ञों को लाना संभव नहीं हो पाएगा। रामास्वामी ने भी तर्क दिया कि इससे न केवल कंपनियों, बल्कि अमेरिका का भी बड़ा नुकसान होगा। एचाबी पर प्रतिबंध लगने से सबसे अधिक भारतीय नागरिकों के सामने संकट पैदा हो सकता था। अमेरिका हर साल करीब पैंसठ हजार कुशल तकनीशियनों, चिकित्सकों आदि की भर्ती करता है, जिसमें से करीब पैंतालीस हजार भारतीय होते हैं। यानी हर दस में से सात विशेषज्ञ भारतीय होता है। हाल ही में आई एक रपट के मुताबिक अमेरिका में करीब सवा तीन लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। एच1बी वीजा उन्हीं लोगों को दिया जाता है, जिन्हें कंपनियां अपनी जरूरत के मुताबिक भर्ती करती हैं। इस वीजा की अवधि तीन साल की होती है और जरूरत पड़ने पर उसे और तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी बीना के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था। इस दृष्टि से बेशक दबाव में ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया है, अमेरिका में बेहतर भविष्य की तलाश करने वाले हजारों भारतीयों के लिए यह बहुत राहत की बात है। दरअसल, राजनेता नीतियों में बहुत सारे बदलाव अपना जनाधार बढ़ाने के मद्देनजर कर लेते हैं। एचाबी बीजा को लेकर ट्रंप का रुख भी कुछ वैसा ही था। जब वे पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़े थे, तब भी विदेशी नागरिकों, खासकर भारतीय मूल के लोगों पर निशाना साधते हुए अमेरिकी युवाओं को भरोसा दिलाया था कि वे बाहरी लोगों से छीन कर उनका हक वापस करेंगे। इसका नतीजा यह हुआ अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों पर नस्लवादी हमले बढ़ गए थे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी देश को गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ करने वालों को लेकर चिंतित होना चाहिए। मगर एच1बी वीजा गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता। अगर इस पर प्रतिबंध लगता, तो उसका खमियाजा वहां की कंपनियों को भुगतना पड़ता। सच्चाई यही है कि अब भी अमेरिका में इतने कुशल तकनीशियन और दूसरे पेशेवर नहीं हैं कि वहां की कंपनियां उनके भरोसे अपना कारोबार चला सकें। इस लिहाज से ट्रंप प्रशासन के नए रुख से न केवल भारतीय युवाओं, बल्कि अमेरिकी कंपनियों को भी राहत मिलेगी।

## हादसे के सबक

दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तकनीकी मामलों में मानवीय स्तर पर हुई मामूली चूक भी एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। वहां रविवार को मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते वक्त एक विमान हादसे का शिकार हो गया और उसमें आग लग गई। जेजू एअर का यह विमान बैंकाक से दक्षिण कोरिया वापस आ रहा था और इसमें चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल एक सौ इक्यासी लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्यासी लोगों की जान चली गई और मलबे में फंसे चालक दल के सिर्फ दो सदस्यों को जिंदा निकाला जा सका। अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताविक संभवतः मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। कारण जो हो, आपात स्थिति से सही तरीके से निपट पाने में प्रबंधकीय चूक की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हालांकि दक्षिण कोरिया की विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर मुआन में हुई दुर्घटना को यहां के इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक बताया जा रहा है। यह साफ है कि बहुत कुछ अचानक पैदा हुई परिस्थितियों पर निर्भर करता है । इसका सामना करने में संपूर्ण कौशल ही यह सुनिश्चित करता है कि किसी विमान सेवा के सुरक्षित होने का स्तर क्या है । पिछले कुछ समय में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कोई विमान हादसे का शिकार हो गया या फिर उसे आपात स्थिति में उतारा गया। ऐसी घटनाओं को हादसे के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि विमान सेवा में सबसे जरूरी पहलू यही है कि उसमें हर स्तर पर, सौ फीसद सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के बाद ही किसी विमान को यात्रियों को अपने गंतव्य पर ले जाने की इजाजत होनी चाहिए। मुआन हवाईअड्डे पर हुए हादसे ने एक फिर सावधानी और सुरक्षा के तकाजों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत रेखांकित की है।

# हैड कांस्टेबल ने पत्रकार से की बदसलूकी, मोबाइल छीना, आई चोट, पूछने पर बताया-थाने का सीसीटीवी कैमरा बंद, अब कैसे मिलेगा न्याय??



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। पत्रकारों के साथ बदसलूकी के मामले बढ़ते ही जा रहे है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और पुलिस मुख्यालय से सीआईडी अपराध के स्पष्ट आदेश के बावजूद पत्रकारों को ना सिर्फ परेशान किया जा रहा है बल्कि मौके पर रिपोर्टिंग करने पर पो खुलने के डर से परेशान व उनके साथ बदसलूकी तक की जा रही है। साक्ष्य व तथ्यों को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। रिपोर्टिंग के दौरान काम में लिए जाने वाले उपकरणों में अवैध रूप से तांक-झांक करते हुए सोर्स की गोपनीयता को भंग किया जा रहा है। जिले के कूण थाने में एक पुलिसकर्मी ने थानाधिकारी के सामने पत्रकार से मोबाइल छीन लिया,उनके साथ बदसलूकी व अभद्रता भी कर दी। वर्दी का रोब जमाते हुए धमकी दी कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पत्रकार के हाथ में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पत्रकार ने सलूंबर एसपी राजेश यादव को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि थाने के सीसीटीवी कैमरे बंद है। ऐसे में न्याय कैसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल खडा हो गया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि थाने के सीसीटीवी कैमरे बंद नहीं होने चाहिए। यदि बंद हैं तो संबंधित अथॉरिटी को सूचना देकर ठीक करवाने होंगे। परमवीर सैनी बनाम बलजीतसिंह केस में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय पारित किया था कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए थाने के चप्पे-चप्पे में कैमरे लगाने हैं व उसकी रिकॉर्डिंग माने जाने पर पीडितों को देने हैं। इसके साथ ही रिकॉर्डिंग 18 महीने तक सुरक्षित रखनी भी है मना नहीं कर सकते। कैमरे खराब होने पर संबंधित अथॉरिटी को सूचित करना होगा। राज्य सूचना आयोग का कहना है कि कैमरे तथ्यों की प्रमाणिकता के लिए हैं इनकी रिकॉर्डिंग दी जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 2 बजे के करीब पत्रकार करण औदिच्य को पास भुवारिया कुंआ गांव के ग्रामीणों का फोन आया व कहा कि हेलमेट नहीं पहनने पर कूण थाना पुलिस ने नाबालिग लड़के के साथ मारपीट की और पुलिस जीप में थाने ले गए हैं। मामले की जानकारी के लिए पत्रकार ने कूण थाना प्रभारी प्रवीण सिंह शक्तावत से संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जानकारी के लिए पत्रकार कूण थाना गए और थाना प्रभारी प्रवीण सिंह शक्तावत से संपर्क किया। इसी बीच उनके पास बैठे हैड कांस्टेबल मनोज कुमार मीणा आए व आते ही पत्रकार के साथ गली-गलौच शुरू कर दिया। वे कहने लगे कि मैं चाहूंगा वही इस थाने में होगा। मैं बहुत पुराना पुलिसकर्मी हूं और पिता एसडीएम हैं। इसलिए मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। मैं पिछले 11 वर्ष से इस क्षेत्र में नौकरी कर रहा हूं। हैड कांस्टेबल मनोज कुमार ने ऐसा कहते हुए पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की कर बदसलूकी कर दी। पत्रकार से मोबाइल छीन लिया और फोटो व वीडियो डिलीट कर दिया। इस दौरान पत्रकार के हाथ पर चोट आई। मामले को लेकर पत्रकार सोमवार को सलूंबर एसपी के पास गए और उसके साथ हुए घटनाक्रम की रिपोर्ट देते हुए कार्रवाई की मांग की।

### इनका कहना है


इस विषय को लेकर मैंने जांच सीओ सलूंबर को सौंप दी है। अगर हैड कांस्टेबल ने गलत किया है तो हम कार्रवाई करेंगे।


**- राजेश यादव, एसपी (सलूंबर)**

जिस लड़के के साथ बात हुई वह बिना हेलमेट के था व नाबालिग है। इसलिए उसको थाने में लाए थे। पत्रकार से कांस्टेबल की पहचान नहीं होने के कारण छोटी सी बात हुई, परंतु ऐसी कोई खास बात नहीं हुई। दोनों के बीच में छोटी-मोटी नोकझोंक हुई थी। मैंने दोनों को समझाइश कर मामले को शांत करवा दिया।

**- प्रवीण सिंह शक्तावत, थाना प्रभारी (कूण)**

# ऑपरेशन एन्टीवायरस में 3 टटलूबाज गिरफ्तार, 4.80500 लाख नगद





24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार चालाये जा रहे ऑपरेशन एन्टीवायरस अभियान के तहत उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उदयपुर, कैलाश बोरीवाल, वृताधिकारी वृत नगर पश्चिम के नेतृत्व मे डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित, थानाधिकारी थाना अम्बामाता की टीम द्वारा उच्चाधिकारियो के निर्देशानुसार सर्कल गश्त एवं चैकिंग बदमाशान करते हुए रानी रोड पर पहुंचा जहां मुखबीर सूचना मिली कि एक सफेद रंग की बलेनो मारूति कार में तीन लडके बैठे हुए है जो हवाला अथवा बडी की तरफ जा रहे है। जिनके पास में 10-12 मोबाईल है, जो भोले-भाले लोगो को झांसे में लेकर ऑन लाईन ठगी का काम करते है। तुरन्त मौके पर पहुंचे तो पकड में आ सकते है। उक्त सूचना विश्वसनीय होने पर रानी रोड से शिल्पग्राम की ओर जाने वाली सडक पर जैन फार्मा के पास एक बलेनों कार को रूकने का ईशारा किया तो चालक बावर्दी पुलिस जाप्ता को देखकर उक्त कार को तेज गति से भगानें लगा जिस पर उक्त वाहन का पीछा कर रूकवाया तथा पुलिस जाब्तें को देखकर भागनें का कारण पूछा तो अन्दर बैठे व्यक्ति नजरें चुरानें लगें तथा गर्दन झुकाकर गुमसुम हो गये। जिन्हें वाहन में अथवा उनके कब्जे किसी आपराधिक गतिविधि से संबंद्ध किसी वस्तु होने के संबंध में पूछा गया तो सभी हाथ जोडकर हडबडाते हुए जवाब देने लगे जिन्हें कार से बाहर लाकर नाम पता पूछा तो अपना नाम सोनु मेहता पुत्र मांगीलाल मेहता उम्र 30 वर्ष जाति ब्राहम्ण निवासी मावली डांगियान पुलिस थाना खैरोदा हाल के ब्लॉक नारायणलाल जैन के मकान में आर डी ट्रेडिंग के उपर सबसिटी सेन्टर पुलिस थाना हिरण मगरी उदयपुर , शिवम पानेरी पुत्र कमल मेनारिया उम्र 30 वर्ष निवासी, सुजुकी शॉरूम के पास, हिरण मगरी मेन रोड सेक्टर 05, पानेरियों की मादडी पुलिस थाना हिरण मगरी, जतिन मेनारिया पुत्र सुरेश मेनारिया निवासी मेन रोड हिरण मगरी सेक्टर 05, पानेरियों की मादडी पुलिस थाना हिरण मगरी होना बताया,। सख्ती से पूछा गया तो शिवम मेनारियां एवं सोनू मेहता ने कहा कि हम टटलुबाजी का काम करते है जिन्हें बाद पूछताछ हर तीनों को गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान जारी है। संदिग्ध सोनू मेहता, शिवम मेनारिया, जतिन मेनारिया एवं बलेनो कार की तलाशी गई तो कुल 480500 लाख रूपये नगद, 10 एन्ड्रोयड मोबाईल, 04 खाली सिम, 21 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 03 चेक बुक, 03 पासबुक मिली है एवं कार में 02 स्टांप सील मिली जिनका प्रयोग फर्जी फर्म के नाम से अकाउण्ट ओपन करनें में किया गया था। कार की तलाशी पर ड्राईवर सीट के सामनें डेस्क में रखी एक थेली में 480500/- रूपयें मिले। उक्त राशि ऑनलाइन ऐठी गई जो कई लोगों के हेण्डल किये जाने वाले खातों में ट्रांसफर करवाई गई थी।

# नगरीय निकाय उपचुनाव के लिए आया नया आदेश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। प्रदेश के 9 जिलों के 9 नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर होने वाले उपचुनावों के लिए मतदान दिवस 9 जनवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के 9 जिलों बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, सवाई माधोपुर एवं सीकर में 9 नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उप चुनाव माह दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 में करवाए जा रहे हैं। इन नगरीय निकायों में मतदान 9 जनवरी, 2025 गुरुवार को होगा। अतः मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी) को अधिकृत किया गया है। साथ ही पुनर्मतदान की स्थिति में जहां पुनर्मतदान होगा उस क्षेत्र में पुनर्मतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए भी संबंधित जिला कलेक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी) को अधिकृत किया गया है। आदेश के अनुसार उपचुनाव वाले क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान चुनाव से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव समाप्ति तक माननीय मंत्री शासकीय दौरे पर नहीं जाएंगे। कानून व्यवस्था बिगड़ने या किसी आपात स्थिति के कारण मंत्री यदि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में दौरे पर रहते हैं तो उन्हें इसकी सूचना विभाग के शासन सचिव द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी। यदि कोई मंत्री संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर हैं, तो इस दौरान वे किसी सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे और निजी वाहन पर लाल बत्ती या सायरन आदि का प्रयोग वर्जित होगा। साथ ही क्षेत्र के विश्रामगृह, डाक बंगले या अन्य सरकारी आवासों या इससे संलग्न परिसरों का उपयोग प्रचार कार्यालय के रूप में या चुनाव से संबंधित कोई बैठक करने की दृष्टि से नहीं कर सकेंगे। इन स्थानों को निष्पक्ष तरीके से अन्य दलों या अभ्यर्थियों को भी उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी लेकिन वे भी उनका चुनाव से संबंधित कार्य में इस्तेमाल नहीं करेंगे। वहीं सरकारी अधिकारी, मंत्रियों के दौरे के समय उनके किसी स्वागत में या प्रोटोकॉल में नहीं जाएंगे। यह आदर्श आचार संहिता बोर्ड/निगम के अध्यक्ष जिन्हें मंत्री या राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है, पर भी लागू रहेगी।




# पढ़ाई छोड़ो, एग्जाम से पहले ड्रेसकोड वाली ड्रेस सिलवाओ, बिना बटन वाला स्वेटर, आधी आस्तीन का शर्ट पहनो, आरपीएससी ने किया राजस्थान में भर्ती के लिए गर्मी-सर्दी का अलग ड्रेस कोड लागू



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से राजस्थान के लाखों युवाओं को एक नया काम दिया गया है। भर्ती परीक्षा के ड्रेस कोड में बदलाव करते हुए अब सर्दियों के मौसम में अभ्यर्थी गर्म कपड़े पहनकर आ सकते हैं। गर्मी में आधी आस्तीन का शर्ट पहन कर आना होगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने पत्रकारों को बताया कि बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं के ड्रेस कोड में संशोधन करते हुए सर्दी और गर्मी में अलग - अलग ड्रेस कोड लागू किया गया है। 1 मार्च से 31 अक्टूबर तक अलग और 1 नवंबर से 28-29 फरवरी तक अलग ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। आलोक राज ने बताया कि बोर्ड ने सर्दी के दिनों के हिसाब से नवंबर से फरवरी तक के ड्रेस में बड़ा बदलाव किया है। अभ्यर्थी कोट, जैकेट, पूरी आस्तीन का शर्ट, बिना जेब वाली गर्म जर्सी, स्वेटर पहनकर भर्ती परीक्षा में आ सकते हैं। मेटल का बटन, चेन या बड़े बटन नहीं होने चाहिए। जबकि शर्ट में किसी तरह का बैज नहीं होना चाहिए। यही नहीं कहा गया है कि ऐसी कोई ड्रेस नहीं होनी चाहिए, जिसमें कोई आपत्तिजनक सामग्री छुपाने की संभावना हो। महिलाएं अपने बालों में रबर बैड या साधारण किस्म की हेयर पिन लगाकर आ सकती हैं। संदेह होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर कोट, जैकेट, जर्सी या स्वेटर उतारकर, सिर पर लगा स्कार्फ हटाकर तलाशी देनी होगी। टाई, मफलर, जरकिन, शॉल पहनकर अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं दी जाएगी। मार्च से अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में पुरुष अभ्यर्थी आधी, पूरी आस्तीन के शर्ट, टीशर्ट पहनकर आ सकेंगे। महिला अभ्यर्थी सलवार सूट, चुन्नी या साड़ी, आधी और पुरी आस्तीन का कुर्ता - ब्लाउज पहनकर आ सकेंगी। अभ्यर्थियों को ध्यान रखना होगा कि ड्रेस में बड़ा बटन, मेटल का बटन, जड़ाऊ पिन, बैज या फूल जैसा कुछ नहीं लगा हो। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने स्पष्ट किया कि किसी भी ड्रेस को पहनकर आने में या ड्रेस कोड में शामिल होने के संबंध में संदेह या विवाद हो तो केंद्र पर परीक्षा से जुड़े अधिकारी का निर्णय मान्य होगा। हवाई चप्पल, सैंडल, जूते और मोजे सभी छोटे टखने तक के पहनकर परीक्षा दे सकेंगे। मेटल चेन वाले जूते को पहनने की अनुमति नहीं होगी। ड्रेस कोड में बदलाव कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा से लागू होगा।

## रीट की फुलप्रूफ तैयारियां शुरू, गाड़ियों में जीपीएस, बायोमेट्रिक से एंट्री, जिला ट्रेजरी में रहेंगे पेपर




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर। शिक्षा संकुल में रीट 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में कई अहम निर्णय किए गए। सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए आवश्यक पात्रता परीक्षा रीट माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से करवाई जा रही है। शिक्षा संकुल में रीट 2024 की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एग्जाम 27 फरवरी 2025 को होने जा रही है। राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा में 20 लाख परीक्षार्थी शामिल होने की उम्मीद को देखते हुए एग्जाम में किसी भी गडबड़ी को रोकने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। ब्लैकलिस्टेड कर्मचारियों को बैन किया गया है। 5 जनवरी तक परीक्षा केंद्रों का ब्योरा मांगा गया है। परीक्षा केंद्रों में सरकारी स्कूल और सरकारी कॉलेजों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलों में फील्ड सुपरवाइजर, वीक्षक, जोनल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश दिए। रीट एग्जाम की तैयारियों को लिए जयपुर के शिक्षा संकुल में सोमवार को मीटिंग हुई। रीट परीक्षा के दौरान बायोमैट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया है। हर एग्जाम सेंटर पर दो पुरुष और दो महिला पुलिस कर्मचारियों तैनात करेंगे। पुरुष और महिला अलग - अलग परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच की जा सके। प्रश्न पत्र जिला ट्रेजरी में रहेंगे, सीनियर आरएएस को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। परीक्षा पत्र की सुरक्षा के लिए जिला कलेक्टर और एसपी को इंचार्ज बनाया गया है। रीट की सभी गतिविधियों की मिनट-टू-मिनट वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी होगी। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की परीक्षा केंद्र में एंट्री पर बैन रहेगी।


## बाघिन रिद्धि और उसके शावकों को देखा-राज्यपाल ने रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क का सपरिवार भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क एरिया में बाघिन रिद्धि और उसके शावकों को देखा। कुछ देर वहीं ठहरकर उन्होंने बाघिन रिद्धि और शावकों की अठखेलियां देखी। राज्यपाल ने बाघिन परिवार के साथ ही अन्य वन्यजीवों एवं रणथंभौर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। उन्होंने अरावली की पहाड़ियों और विंध्य पठार के आसपास स्थित, रणथंभौर वन को भी बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वन्य जीव अभयारण्य पर्यटन की दृष्टि से देश का यह महत्वपूर्ण स्थान है। इससे पहले रणथंभौर राष्ट्रीय पार्क स्थित जोगी महल में सवाई माधोपुर के वन अधिकारियों ने उनकी अगवानी की तथा राष्ट्रीय पार्क की पारिस्थितिकी के बारे में बताया।

## पुराने फोन में आज रात 12 बजे बंद हो जाएगा वाट्सएप, बेकअप नहीं लिया तो हो जाएगा डेटा गायब, देखें फोन




24 न्यूज़ अपडेट


24 न्यूज अपडेट. नेशनल डेस्क। वाट्सएप नए साल पर पुराने फोन यूजर्स के लिए परेशानी की सौगात लेकर आने वाला है। आज के वक्त यहां पर करोड़ों की संख्या में यूजर्स हैं। वॉट्सऐप कुछ एंड्रॉइड स्मार्टफोन के लिए सपोर्ट आज रात से बंद हो रहा है। मेटा ओन्ड प्लेटफॉर्म पुराने सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर बेस्ड स्मार्टफोन के लिए सपोर्ट बंद कर रहा है। जिन स्मार्टफोन के लिए वॉट्सऐप सपोर्ट बंद किया जा रहा है, उसमें एंड्रॉइड किटकैट और 10 साल से पुराने एंड्रॉइड स्मार्टफोन शामिल हैं। फोन्स में 1 जनवरी से वॉट्सऐप सपोर्ट को बंद किया जा रहा है। अगर पुराने एंड्रॉइड स्मार्टफोन में वॉट्सऐप को इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपको फोन अपग्रेड कर लेना चाहिए। वॉट्सऐप की ओर से आईओएस 15.1 और उससे पुराने वर्जन वाले बेस्ड पच्चीवदम के लिए सपोर्ट बंद किया जा रहा है। मतलब आईफोन पांच एस आईफोन 6 और 6 प्लस पर सपोर्ट बंद कर दिया जाएगा। आईफोन यूजर्स के लिए 5 मई 2025 तक फोन माइग्रेट करने का ऑप्शन दिया गया है। वॉट्सऐप की ओर से बताया गया है कि एआई समेत कई नए फीचर्स को रोलआउट किया जा रहा है। जिन स्मार्टफोन के लिए 1 जनवरी 2025 से वॉट्सऐप सपोर्ट बंद किया जा रहा है, उसमें पॉपुलर स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग, एलजी, सोनी और एचटीसी शामिल है।

### किन स्मार्टफोन के लिए वॉट्सऐप बंद कर रहा है सपोर्ट

जिन स्मार्टफोन के लिए 1 जनवरी 2025 से वॉट्सऐप सपोर्ट बंद किया जा रहा है, उसमें पॉपुलर स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग, एलजी, सोनी और एचटीसी शामिल है।

Samsung Galaxy S3
Galaxy Note 2
Galaxy Ace 3
Galaxy S4 Mini
HTC
One X
One X+
Desire 500
Desire 601
Sony
Xperia Z
Xperia SP
Xperia T
Xperia VLG Optimus G
Nexus 4
G2 Mini
L90
Motorola
Moto G
Razr HD
Moto E 2014

## इनकम टैक्स फाइल करने की तारीख 15 जनवरी तक बढ़ी 5 हजार तक लेट फीस लगेगी; पहले 31 दिसंबर आखिरी तारीख थी




24 न्यूज़ अपडेट

नई दिल्ली. सरकार ने बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी 2025 तक ITR भर सकते हैं। यदि किसी टैक्सपेयर ने पहले ही अपना ITR दाखिल कर दिया है, लेकिन बाद में पता चलता है कि इसमें गलतियां हैं, तो वे भी अब 15 जनवरी तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिना किसी लेट फीस के ITR फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी।

### 5,000 रुपए तक की लेट फीस देनी होगी

यदि आपने 2023-24 का ITR अब तक फाइल नहीं किया है तो लेट फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकते हैं। यदि कुल आय 5 लाख से कम है तो आपको 1,000 रुपए लेट फीस देनी होगी। कुल आय 5 लाख रुपए से ज्यादा हो तो 5,000 रुपए की लेट फीस देनी होगी। 15 जनवरी तक रिटर्न न भरने से क्या नुकसान हैं? आप बिलेटेड ITR फाइल करके नोटिस से तो बच सकते हो लेकिन तय समय यानी 31 जुलाई तक रिटर्न न भरने के कई नुकसान हैं। आयकर के नियमों के मुताबिक निर्धारित तारीख से पहले ITR दाखिल करने पर आप अपने नुकसान को आगे के वित्त वर्षों के लिए कैरी फारवर्ड कर सकते हैं। यानी अगले वित्त वर्षों में आप अपनी कमाई पर टैक्स देनदारी कम कर सकते हैं। लेकिन अब ITR भरने पर आप इसका फायदा नहीं ले सकेंगे।

इसके अलावा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास कई सोर्सो से आपकी आय की जानकारी पहुंच जाती है, ITR दाखिल नहीं करने पर आयकर विभाग उन जानकारियों के आधार पर आपको नोटिस भेज सकता है। नोटिस की परेशानियों से बचने के लिए ITR फाइल करना फायदेमंद है।

# जालौर में मिला दुर्लभ विदेशी पक्षी 'तिलोर', पांव में लगा अबूधाबी का टैग





24 न्यूज़ अपडेट

324 न्यूज अपडेट स्टेट डेस्क। जालौर जिले में दुर्लभ विदेशी पक्षी 'तिलोर' मिला है, जिस पर संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी का टैग लगा हुआ है। ग्रामीणों ने पक्षी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस पक्षी को स्थानीय भाषा में सोहन चिड़िया कहा जाता है। पक्षी पर अबू धाबी का टैग लगा हुआ मिला। अब ग्रामीणों ने पक्षी को पकड़कर पुलिस के हवाले पिका है व उसकी जांच की जा रही है कि कहीं उसमें कोई उपकरण तो नहीं लगा है जिससे जासूसी की जा सकती हो। पुलिस ने वन विभाग भीनमाल को इसे सौंप दिया हैं भीनमाल वन विभाग रेस्क्यू सेंटर क्वॉरेंटाइन में इसे ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि जालौर जिले के ग्राम वाड़ा भाडवी पुलिस थाना बागोड़ा में यह दुर्लभ विदेशी पक्षी 'तिलोर' (हौबारा बस्टर्ड) मिला हैं दाहिने पैर में अबूधाबी का टेग लगा हुआ है। तिलोर थार के रेगिस्तान में पाया जाने वाला दुर्लभ पक्षी है, जो अब विलुप्ति की कगार पर बताया जा रहा हैं। अंतरराष्ट्रीय हौबारा संरक्षण कोष की ओर से अबूधाबी और मोरक्को में इसकी कैप्टिव ब्रीडिंग हो रही है याने बंद रख कर इसी प्रजाति को बढाया जा रहा है। पक्षियों का शिकार प्रतिबंधित है। लग रहा है कि यह पक्षी कहीं से बचते बचाते हुए भारत आ गया है।

# साल के आखिरी दिन पुलिस पर लगाया बेईमानी का दाग, वैजा चौकी और सरोदा थाने के 2 कॉन्स्टेबल लाइन हाजिर




**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट डूंगरपुर। साल का आखिरी दिन है, लेकिन लेन देने करने वाले कहां बाज आने वाले हैं। उनका तो 365 दिनों में ही शुभ मुहूर्त रहता है। माला वेंजा चौकी और सरोदा थाने का है व यहां के कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। एसपी मोनिका सेन ने दोनों के खिलाफ शराब तस्करी को लेकर लेनदेन की शिकायत पर यह कार्रवाई की है।एसपी ने एक शिकायत के आधार पर एक्शन लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। एसपी मोनिका सेन ने मीडिया से कहा कि चौरासी थाना क्षेत्र के भेजा चौकी के कॉन्स्टेबल मनोहर और सरोदा थाने के कॉन्स्टेबल विपेंद्र सिंह को लाइन हाजिर किया है। 16 सीसी का नोटिस भी जारी किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि गोपनीय तरीके से जांच में प्राथमिक जांच में पुष्टि के बाद कार्रवाई की गई है। कॉन्स्टेबल के खिलाफ डीएसपी सागवाड़ा को जांच सौंपी गई है। लाइन हाजिर के आदेशों के बाद दोनों कॉन्स्टेबल को देर रात को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। दोनों कॉन्स्टेबल ने कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया घाटा के पास शराब तस्करी को लेकर लेनदेन किया था। करीब 3 लाख रुपए तक के लेनदेन की बात सामने आ रही है। हालांकि यह सिर्फ आरोप है जिनकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी।

# एक साल में थ्री फेज के 98 और सिंगल फेज के 22 ट्रांसफॉर्मर से हुई चोरी



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। भूपालसागर के मटुनिया गांव में सिंगल फेस के 2 ट्रांसफॉर्मर से कॉपर और ऑयल चोरी हो गया। चित्तौड़गढ़ के भूपालसागर क्षेत्र के मटुनिया में चोरों ने हाथ की सफाई दिखाते हुए सिंगल फेस के 2 ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर और ऑयल चोरी कर ली। क्षेत्र में आए दिन इसी तरह कई बार चोरी की घटना हो चुकी है। इन दिनों किसानों द्वारा खेतों में सिंचाई का काम किया जा रहा है। ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर और ऑयल का चोरी होना किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। एक ही साल में क्षेत्र में थ्री फेस के 98 ट्रांसफॉर्मर और सिंगल फेस के 22 ट्रांसफॉर्मर से कॉपर और ऑयल चोरी हो चुके है। भूपालसागर क्षेत्र के मटुनिया गांव में लगातार ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर और ऑयल की चोरी हो रही है। मंगलवार को भी 2 ट्रांसफॉर्मरों से चोर कॉपर और ऑयल की चोरी हो गई है। विभाग के अधिकारियों ने ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना में दी है। स्थानीय ग्रामीण मोहनलाल का कहना है कि क्षेत्र में अभी खेतों में सिंचाई का काम चल रहा है। इस तरह चोरों द्वारा ट्रांसफॉर्मरों की चोरी करना चिंता का बात है। किसानों को इन दिनों में काफी परेशानी हो रही है। साल 2024 में अब तक थ्री फेस के 98 ट्रांसफॉर्मरों और सिंगल फेस के 22 ट्रांसफॉर्मर से कॉपर और ऑयल चोरी हो चुके हैं। दिसम्बर में लगभग 21 ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर और ऑयल की चोरी हुई है। 21 ट्रांसफॉर्मरों में से सिंगल फेस के 5 ट्रांसफॉर्मरों क्षेत्र के मटुनिया, चौकड़ी, कानड़खेड़ा, ताणा गांव क्षेत्रों से और क्षेत्र के राणावतों की सादड़ी गांव से थ्री फेस के 11 ट्रांसफॉर्मरों, सेजगरिया क्षेत्र से थ्री फेस के 5 ट्रांसफॉर्मरों में से चोर तेल चोरी कर ले गए। अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई भी सफलता नहीं मिली।

# आईआईएफ 2025 के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 31 दिसम्बर। आगामी 10 से 13 जनवरी 2025 तक उदयपुर के डीपीएस के मैदान में होने जा रहे 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 (आईआईएफ) के लिए भूमि पूजन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन हुआ। लघु उद्योग भारती उदयपुर अध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया कि मंगलवार प्रातः 11.15 बजे भूमि पूजन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राष्ट्र के आर्थिक विकास में लघु उद्योगों की भूमिका रेखांकित करते हुए उन्होंने इसे स्वावलम्बी भारत अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की पहचान कार्य से है। उन्होंने इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर की तैयारियों का भी जायजा लेते हुए कहा कि आईआईएफ उदयपुर के उद्योगों को सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। भूमि पूजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमेंद्र श्रीमाली, महानगर संघचालक गोविंद अग्रवाल, आईआईएफ 2025 मेला पालक राकेश वर्डिया, लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रीना राठौड़, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पिंकी मांडावत, रजनी डांगी, महेंद्र मांडावत, यजमान मेला प्रायोजक वंडर पेंट्स के मनीष एवं ज्योति गन्ना उपस्थित रहे। विश्वकर्मा पूजन का श्रीफल कमलेश शर्मा, नलिन जैन, अभिजीत शर्मा को प्रदान किया गया। कार्यक्रम व बैठक के दौरान उदयपुर लघु उद्योग भारती उदयपुर की सभी छह इकाई अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को होने वाले उद्घाटन समारोह में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का सान्निध्य भी रहेगा। यह आयोजन उद्योगों को एक मंच पर लाने और उदयपुर क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हो रहा है। समापन समारोह में राज्य के उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ का सान्निध्य रहेगा। फेयर संयोजक तरुण दवे ने बताया कि अब तक फेयर में 80 प्रतिशत स्टाल्स की बुकिंग हो चुकी है। कई संस्थानों ने एक से अधिक स्टाल्स की स्पेस बुक कराई है। अब तक 200 से अधिक प्रतिष्ठित उद्योगों ने इस फेयर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ली है। इनमें मिराज ग्रुप, सिक्योर मीटर्स, पायरोटेक, पीआई इंडस्ट्रीज, हवेली मार्बल्स, आईवीओ, हाइक्यू सरफेस क्वाट्र्ज, पील इटालिका लाइफ़स्टाइल्स, AGL होम्स, सिंघानिया यूनिवर्सिटी, मोल्ड मेकर्स, स्टोन इमोशन और अपना घर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। इस आयोजन के प्रमुख स्पॉन्सर्स में मिराज ग्रुप, अनंता हॉस्पिटल, वंडर पेंट्स और इराज इवोल्यूशन डिज़ाइन कंपनी शामिल हैं।

## जिला खत्म करने के साइट इफेक्ट शुरू, भाजपा नेताओं के इस्तीफे, टायर जलाए, भूख हड़ताल पर बैठे लोग



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. स्टेटे डेस्क। इनके लिए जाता हुआ साल मुसीबत का सबब लेकर आया। जिला हाथ से निकल गया तो कहीं पर संभाग हाथ से चला गया। अब लोगों में गहरा आक्रोष है। कुछ महीनों पहले जिन्होंने मिठाइयां बांटी थी आज वो धरने दे रहे हैं, टायर जला रहे है। डबल इंजन की सरकार से जुड़े भाजपाई असहज महसूस करते हुए इस्तीफे दे रहे हैं। राजस्थान के 9 जिले खत्म करने के सरकार के फैसले का विरोध तीसरे दिन जारी रहा। जिलों को बहाल नहीं करने पर कांग्रेस समेत अन्य संगठनों और लोगों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। नीमकाथाना में जिला बचाओ संघर्ष समति की ओर से कलेक्ट्रेट के आगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की गई। खेतडी मोड़ पर युवाओं ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। भाजपा ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा चंवरा की अध्यक्ष ममता सैनी ने जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी को इस्तीफा भेज दिया। वहीं पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य ने इस्तीफा दिया है व यह सिलसिला वार्ड तक जा रहा है। नीमकाथाना में कलेक्ट्रेट के आगे विरोध कर रहे लोगों ने मीडिया से कहा कि - जब तक सरकार नीमकाथाना जिले को यथावत नहीं करेगी। तब तक हड़ताल जारी रहेगी। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते नीमकाथाना जिले को हटाया गया है, नीमकाथाना जिला मापदंड पूरे करता है। नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग 1952 से चली आ रही थी। खेतड़ी मोड़ पर युवाओं ने टायर जलाए व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाट छात्रावास में समाज के लोगों की बैठक आयोजित हो रही है। विरोध को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। 11 लोगों की कमेटी बनेगी। अनूपगढ़ जिला बचाओ संघर्ष समिति ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। कलेक्ट्रेट के सामने बड़ी संख्या में डेरा डाल लिया है। सांचौर में जिला बचाओ संघर्ष समिति और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला। रोष जताते हुए जमकर नारेबाजी की गई।एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन भी सौंपा।

## राजस्थान छोड़कर भागे तस्कर को चाय पीते हुए पकड़ाःनया साल मनाने जैसलमेर जा रहा था; 3 राज्यों में नेटवर्क, होटल पर तस्करों की मीटिंग करवाता था



**24 न्यूज़ अपडेट**

जोधपुर. 2 साल पहले राजस्थान छोड़कर भागे तस्कर को जोधपुर रेंज पुलिस ने जयपुर के नजदीक हाईवे पर चाय पीते हुए पकड़ा। यह अफीम और डोडा तस्करी में 3 साल से फरार चल रहा था, इस पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। वह नए साल पर असम से जैसलमेर घूमने अपने 2 दोस्तों के साथ आया था। रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि मोहम्मद इलियास (30) निवासी सादों की ढाणी पलीना पुलिस थाना लोहावट को 30 दिसंबर को गिरफ्तार किया और मंगलवार को टीम इसे लेकर जोधपुर पहुंची। सूचना थी कि इलियास असम में होटल चला रहा है। साथ ही अपने होटल पर तस्करों की मीटिंग फिक्स करवाता है और मारवाड़ में अफीम और डोडा सप्लाई कर रहा है। ऐसे में टीमें इसे पकड़ने के लिए भेजी थी। वहां मालूम चला कि इलियास अपने 2 दोस्तों के साथ नया साल मनाने के लिए जैसलमेर घूमने आया है। ऐसे में इसके राजस्थान की सीमा में घुसते ही पोलो कार में पुलिस इसके पीछे लग गई। जयपुर की रिंग रोड पर स्थित एक ढाबे पर इसे गिरफ्तार किया।

### 3 राज्यों में बनाया नेटवर्क

रेंज आईजी ने बताया- इलियास 10वीं तक पढ़ा है। इसके बाद काम की तलाश में सऊदी अरब चला गया था। वहां से लौटकर इसने लोहावट में अपने गांव में मार्बल का काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद यह तस्करों के संपर्क में आया और यही से तस्करी की राह पकड़ ली। इसके बाद झारखंड, मणिपुर और असम में लोकेशन बदल-बदल कर डोडा-पोस्त मारवाड़ के इलाकों में सप्लाई करता रहा। अपनी-अपनी सीट पर बैठ गए।

## रेलवे के एग्जाम में जयपुर में ब्लूटूथ से नकल करते पकड़े गए दो स्टूडेंट अंडर गारमेंट में छिपाकर लाए थे ब्लूटुथ



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर। आमेर में परीक्षा सेंटर पर ब्लूटूथ डिवाइस से चीटिंग करते दो लोगों को पकड़ा है। जयपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड के एग्जाम के दौरान दो परीक्षार्थियों को नकल करते धर लिया गया। दोनों आमेर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा देने आए थे। कॉलेज में एग्जाम में तलाशी के दौरान कैंडिडेट ने अंडर गारमेंट में डिवाइस छिपा लिया। पुलिस ने रामवीर मीना (21) निवासी बिदरवाडा दौसा और हेतराम मीना ( 35) निवासी उनियारा टोंक को पकड़ा है। 29 दिसम्बर को कूकस स्थित आर्या इंजीनियरिंग कॉलेज में आरआरबी के टेक्नीशियन-111 का रेलवे भर्ती बोर्ड का एग्जाम था। सुबह 9 से 10:30 बजे पहली पारी का एग्जाम चल रहा था। कैंडिडेट को मेन गेट पर दो लेयर तलाशी के बाद कॉलेज में एंट्री दी थी। एग्जाम के दौरान कम्प्यूटर लैब में बैठे दो कैंडिडेट की हरकतें अजीब से लगने पर उनकी तलाशी ली गई। दोनों कैंडिडेट ब्लूटूथ डिवाइस से चीटिंग करते पाए गए। खास बात ये रही कि कॉलेज में एंट्री से पहले मेन गेट पर तलाशी के दौरान ब्लूटूथ डिवाइस से यह लोग पकड में नहीं आए थे। अंडर गारमेंट में छिपा लिया था। कॉलेज में एंट्री के बाद बाथरूम में जाकर ब्लूटूथ डिवाइस को निकाल और बायोमेट्रिक करवाकर अपनी-अपनी सीट पर बैठ गए।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।